तैयारी | राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन की अधिसूचना जारी की, मुख्यमंत्री होंगे प्राधिकरण के अध्यक्ष

# राज्य राजधानी क्षेत्र 27 हजार वर्ग किमी में होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र और अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इसका दायरा 27826 वर्ग किलो मीटर और आबादी 22941300 होगी। अपर मुख्य सचिव आवास डा. नितिन रमेश गोकर्ण ने शुक्रवार को इसके गठन संबंधी अधिसूचना जारी की।

एससीआर में कुल छह जिले होंगे। लखनऊ का 2528, हरदोई का 5986, सीतापुर का 5743, उन्नाव का 4558, रायबरेली का 4609 और बाराबंकी का 4402 वर्ग किलोमीटर दायरा इसमें शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष मुख्यमंत्री को बनाया गया है।

**लखनऊ में होगा मुख्यालयः** इसमें संबंधित जिलों के डीएम को सदस्य बनाया गया है। इसके साथ ही नौ सदस्य और होंगे। अपर मुख्य सचिव आवास, प्रमुख विभागों के प्रमुख सचिव या सचिव या पदेन सचिव सदस्य होंगे। मंडलायुक्त लखनऊ व अयोध्या सदस्य होंगे। प्रबंध निदेशक या उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन सदस्य होंगे। लखनऊ के मंडलायुक्त क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का सदस्य सचिव होगा। इसका मुख्यालय लखनऊ में होगा।

**02** करोड़ के करीब आबादी इस एससीआर क्षेत्र में होगी

**09** सदस्य और होंगे संबंधित जिलों के डीएम के अलावा

### एससीआर में आए प्रदेश के जिलों की जनसंख्या

| | |
|---|---|
| लखनऊ | 4589838 |
| हरदोई | 4092845 |
| सीतापुर | 4483992 |
| बाराबंकी | 3108367 |
| रायबरेली | 3405559 |
| उन्नाव | 3260699 |

### राज्य राजधानी क्षेत्र में शामिल जिले

